हर्षोल्लास के साथ निकाली गणगौर की सवारी

■ लक्ष्मीनारायण मन्दिर से ईसर गणगौर की सवारी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की

बिजयनगर, (निसं)। गणगौर महोत्सव समिति के तत्वाधान में सोमवार को गणगौर की शाही सवारी गाजे बाजे के साथ हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। लक्ष्मीनारायण मन्दिर से ईसर गणगौर की सवारी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए शाही ठाठ बाट के साथ रथ मे सवार ईसर गणगौर की सवारीशहर के मुख्य बाजारो से होकर निकाली गई।

लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट व गणगौर महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार शाम गणगौर सवारी रथ पर निकाली गई। गणगोर सवारी शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण , भीनमाल के लोक कलाकारो द्वारा कच्छी घोडी गैर नृत्य, अजमेर के प्रसिद्ध म्यूजिकल मनोहर बैंड, नासिक के ढोल , राजस्थानी कालबैलिया नृत्य, राजसमंद पावणा का धमाका बैंड के प्रदर्शन को देखने के लिए गली चौराहे पर भीड उमड पड़ी।

क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह कानावत, लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के बनवारी लाल कोगटा, शिव प्रसाद झवर, सुनील कुमार सोमानी, मंदिर पुजारी महावीर प्रसाद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विनोद गोयल, अनिल बोहरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष इंद्रजीत मेवाड़ा, आशीष साण्ड, पार्षद विक्रम सिंह, महेश जैन, अमित मोदी व सुरेश राका सहित गणगौर महोत्सव समिति के सदस्य पदाधिकारी मातृशक्ति गणगौर सवारी में शामिल हुई।

परिसीमन को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम व विधायक को ज्ञापन सौंपा

मसूदा । मंगलवार को मसूदा उपखंड अधिकारी एवं मसूदा विधायक को परिसीमन में नई ग्राम पंचायत बनवाने को लेकर समस्त ग्रामवासी कालाहैडी के द्वारा एक लिखित ज्ञापन दिया इसमें ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत किराप में से कालाहेड़ी को नवीन ग्राम पंचायत बनाई जाए कालाहेड़ी की वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कालाहेड़ी की जनसंख्या 1122 है एवं ग्राम कालाहेड़ीरी में उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है एवं डेरी भी संचालित है इसके साथ ही ग्राम कालाहेड़ी में पटवार हल्का भी संचालित है एवं सालरमाला की जनसंख्या 999 एवं मोतीपुरा की जनसंख्या 697 ही है जनसंख्या के आधार पर भी ग्राम कालाहेड़ी का दर्जा अधिक है और ज्ञापन में बताया कि इन दोनों गांव की दूरी भी कालाहेड़ी से बराबर है। जापान में ग्रामीणों ने मांग के मध्य नजर रखते हुए ग्राम कालाहेड़ी को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग की और कहां की अगर ग्रामकालाहेड़ी को नवीन ग्राम पंचायत नहीं बनाया जाता है तो ग्राम कालाहेड़ी को ग्राम पंचायत किराप में यथावत रखा जाए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर कालाहेड़ी को नवीन ग्राम पंचायत नहीं बनने पर अन्य किसी अन्य को नवीन ग्राम पंचायत बनाई जाती है तो कालाहेड़ी के ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बीमा के परिपक्वता दावों का भुगतान

नागौर । कर्मचारियों के राज्य बीमा परिपक्वता दावों का भुगतान मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर चम्पालाल जीनगर द्वारा राज्य बीमा के पोर्टल पर भुगतान का बटन दबाकर किया गया। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक रमनलाल जयपाल ने बताया कि अतिरिक्त जिला कलक्टर जीनगर ने जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य बीमा के 536 परिपक्वता स्वत्व दावों में कुल 60 करोड़ 51 लाख 43 हजार 789 रुपए की राशि का भुगतान एसआईपीएफ 3.0 पोर्टल से किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य को सफलता पूर्वक निस्तारण करने में सहायक निदेशक सत्यनारायण माथुर व बीमा अनुभाग के कार्यालय के पर्यवेक्षक हरिराम पंवार, गुरूपवन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, बाबु लाल मौर्य, ओम प्रकाश भाटी, सतीश चन्द व वरिष्ठ सहायक महेन्द्र गोदारा, प्रकाश पाराशर, मंजु देवी, सुशीला, शिव भगवान रणवां, नरेन्द्र सिंह, पवन, कैलाश, गौतम का विशेष योगदान रहा।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/भूमि/2025/1098 **आम सूचना** दिनांक: 01/4/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेशचन्द राठी एच.यू.एफ. कर्ता श्री रमेशचन्द राठी पुत्र श्री भैरू लाल राठी ने खांचा भूमि / भोगपडत के तहत् पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की नये रेल्वे स्टेशन रोड के पास, मदनगंज किशनगढ़ में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 35.27 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है
पूर्व में : स्वयं का भूखण्ड बाद में आनन्द नगर कॉलोनी, खसरा संख्या 372
पश्चिम में : भोगपडत भूमि बाद में 100` आम रास्ता
उत्तर में : 30` आम रास्ता एवं खसरा संख्या 371
दक्षिण में : खसरा संख्या 370/8 का पार्ट
उक्त सीमा मध्य स्थित खांचा भूमि / भोगपडत के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। अतः सूचित रहे ।

प्रभारी भूमि शाखा, नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/836 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का .....का क्षेत्रफल 55.25 वितरण राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 708 में भूखण्ड संख्या वर्गगज का आवासीय पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अतः निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां / कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावे।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एंव खसरा नं.	क्षेत्रफल रकबा / भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित भू-उपयोग
1.	श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रामनिवासी जाति बैरवा निवासी टैम्पू बस स्टैण्ड के पास मदनगंज किशनगढ	मदनगंज 708	क्षेत्रफल 55.25 वर्गगज	आवासीय से

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़ ।

आम सूचना

मैं, मेरे अभिभाष्य बैंक, सिडबी शाखा एल.आई. सी कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर सर्किल, जयपुर (राज) की ओर से सर्व साधरण को सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य बैंक के समक्ष PURN VIMAL ISPAT PRIVATE LIMITED जरिये निदेशक श्री वीरेन्द्र जैन पुत्र श्री पुरण चन्द जैन ने अपने खरीदशुदा, कब्जेशुदा औद्योगिक रूपान्तरित भूमि खसरा सं. 927/626 रकबा 3 बीघा 3 बिस्वा 10 बिस्वांसी यानि 5139.40 वर्गमीटर (संपरिवर्तन क्षेत्र 4866.12 वर्गमीटर एंव खुला क्षेत्र 283.28 वर्गमीटर) जो वाके ग्राम उदयपुरकला तहसील किशनगढ जिला अजमेर (राज.) में स्थित है, के हेतु ऋण के लिए आवेदन किया। उक्त सम्पति का मूल विक्रय पत्र दिनांक 06.06.2011 जो की पूर्वविक्रेता श्री सुनील कुमार पुत्र इन्द्र चन्द सुराणा के पक्ष में कार्यालय उप पंजीयक किशनगढ़ में निष्पादित किया गया था एंव मूल संपरिवर्तन आदेश दिनांक 407 दिनांक 29.07.2011 जो कार्यालय विहित प्राधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) किशनगढ द्वारा जारी किया था। उक्त दोनों दस्तावेजात जो मूल सहवन से कहीं खो गये है। जिसके सम्बन्ध में विक्रेता ने एल.आर.न. 2680516/2025 दिनांक 28.03.2025 के जरिये राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अगर किसी भी सर्व साधरण को, ऋणदाजी तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज, ऐतराज, आपति हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज की प्राप्ति होती है तो 7 दिवस के भीतर लिखित में अपनी उज्ज, ऐतराज, आपति/दस्तोवज खोया पाने की स्थिति में प्राप्त करता उक्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर दस्तावेज लेकर आवे। आपति होने की स्थिति में लिखित में आपति मेरे कार्यालय के विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरे अभिभाष्य बैंक, सिडबी शाखा एल.आई.सी कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर सर्किल, जयपुर (राज) के विरूद्ध कोई भी उज, आपति, ऐतराज स्वीकार नहीं किया जायेगा। सूचित रहें।

राशिद अली, एडवोकेट,कार्यालयः-पोल्ट्रीफार्म के पास, वार्ड सं.12. गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर)
मो0 नं- 9928555255, 9414263445

अजमेर जिले का प्रसिद्ध मां भगवती वैष्णवी देवी मंदिर: एक दिव्य स्थल

नसीराबाद, (निसं)। अजमेर जिले के नसीराबाद शहर के ग्राम लोहरवाड़ा स्थित यह मंदिर, जो टैंक नंबर 5 के पास स्थित है, एक अत्यंत प्रसिद्ध और श्रद्धेय धार्मिक स्थल है। यहाँ लगभग 40 वर्षों से अखण्ड ज्योति प्रज्वलित है, जिसे विशेष रूप से जम्मू कटरा से लाई गई है। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके इतिहास में भी एक विशेष स्थान रखता है। स्व. श्री रमा शंकर जी शर्मा के नेतृत्व में इस मंदिर में कई भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और अभी भी किए जा रहे हैं, जो भक्तों के हृदय को शांति और संतोष प्रदान करते हैं।

स्व. रमा शंकर जी शर्मा और श्री सत्यनारायण चौबे का योगदान: स्व. रमा शंकर जी शर्मा का इस मंदिर के विकास में अत्यधिक योगदान रहा है। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से इस स्थान पर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ निरंतर चल रही हैं। साथ ही, सत्यनारायण चौबे का भी मंदिर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका योगदान इस मंदिर को एक पवित्र और भव्य स्थल बनाने में अहम साबित हुआ।

नवरात्रि पर्व का आयोजन:मंदिर के पुजारी अरुण कुमार गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंदिर विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान सजता है, जब चार नवरात्रि पर्वों का आयोजन किया जाता है। इनमें दो गुप्त नवरात्रि और दो प्रमुख नवरात्रि शामिल होते हैं। इन अवसरों पर मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ता है, और हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं। नवरात्रि के दिनों में मंदिर में भक्तों की संख्या इतनी अधिक होती है कि उसे शब्दों में व्यक्त करना भी मुश्किल हो जाता है।

विशेष आकर्षण - खुले पट: यह मंदिर एक और विशेषता के लिए जाना जाता है कि यहां दिन के समय भी पट खुले रहते हैं, जबकि अधिकांश मंदिरों में पट बंद रहते हैं। यह भक्तों के लिए एक अनूठा अवसर है, क्योंकि वे पूरे दिन मंदिर में आकर माता के दर्शन कर सकते हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

छप्पन भोग का अनूठा आयोजन:मंदिर में एक विशेष आयोजन होता है - छप्पन भोग का। यह भोग विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर अर्पित किया जाता है। इन छप्पन भोगों में विभिन्न प्रकार के पकवान और मिठाइयाँ होती हैं, जो अलग-अलग राज्यों से मंगवायी जाती हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से विशेष पकवानों का यह आयोजन मंदिर में किया जाता है, जिससे हर राज्य की संस्कृति और परंपरा की झलक मिलती है। यह भोग न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि ये माँ भगवती के प्रति श्रद्धा और आस्था की अभिव्यक्ति भी होते हैं। भक्त इन छप्पन भोगों का प्रसाद लेकर अपना भाग्य बदलने की आशा और विश्वास के साथ मंदिर से लौटते हैं।

राष्ट्रीय पहचान और श्रद्धालुओं का सैलाब:अजमेर जिले का यह मंदिर ना केवल राजस्थान, बल्कि अन्य राज्यों में भी प्रसिद्ध है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं, ताकि वे माता भगवती के दर्शन कर सकें और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर सकें। नवरात्रि के दौरान यहां श्रद्धालुओं की संख्या इतनी ज्यादा होती है कि इसे शब्दों में बयां करना कठिन है, लेकिन यह निश्चित रूप से एक दिव्य अनुभव होता है।

आम सूचना

मेरे पिता श्री लीलाराम पुत्र श्री तीरथदास जाति सिन्धी निवासी चंद्रा कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 2 दिसम्बर 2012 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-ईश्वरलाल गांधी पुत्र लीलाराम

कार्यालय ग्राम पंचायत नवां पंचायत समिति किशनगढ़ अजमेर

क्रमांक-ग्रापन/2025/निविदा SPL01
दिनांक 27/03/2025

सीमित निविदा सूचना

निम्नांकित संक्रम के सम्पादन हेतु ग्राम पंचायत में स्कूल मैन गेट से बाबू जी महाराज की और सी सी ब्लॉक रोड के लिए सिमित निविदा आंमत्रित की जाती है। http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO. ZAJ 2425 A1220
UBN:-ZAJ2425 WSOB 01277

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नवां
प्रशासन ग्राम पंचायत नवां

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) मालपुरा

नोटिस
प्रकरण सं. 344/2025 तहत धारा 135 (2)
उनवान
रामकिशन पुत्र हरलाल वगै0 जाति बैरवा निवासी अडूस्या
बनाम
सरकार

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि मृतक खातेदार रामलाल पि0मु0 छीतर जाति बैरवा निवासी अडूस्या ने एक वसीयत दिनांक 19.08.2013 को प्रार्थीगण रामकिशन पुत्र हरलाल, विश्राम पुत्र बन्ना व शैतान पुत्र कालू जाति बैरवा निवासी अडूस्या के हक में करवाई थी। वसीयतकर्ता के फौत हो जाने से उक्त वसीयत के आधार पर वादी वसीयतग्रहिता ने स्वयं के हक में नामा0 खोले जाने हेतु निवेदन किया।

प्रकरण श्रवणाधिकार का होने से दर्ज रजि. किया गया। प्राथीगणो के मुताबिक वसीयतकर्ता की यह वसीयत ही अंतिम वसीयत है तथा इस बाबत किसी न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन नही है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में यदि कोई भी व्यक्ति आक्षेप रखना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर कोई आपति स्वीकार्य नही होगी। वसीयत के संबंध में कोई आक्षेप रखता हो तो मय साक्ष्य सबूत के नियत अवधि में उपस्थित होवे। कोई आक्षेप प्राप्त नही होने की सूरत में उक्त वसीयत को निर्विवाद मानते हुये वसीयत अनुसार नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। नोटिस आज दिनांक 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार (भू.अ.) मालपुरा
क्रमांक 1059-1060/भू.अ./2025 दिनांक 24.3.25

मंगल कलश यात्रा में शामिल हुई मातृशक्ति

बिजयनगर, (निसं)। नव संवत्सर समारोह समिति विजयनगर के तत्वाधान मेंमंगलवार को मंगल कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई ।मंगलवार प्रातः लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर शिव बाजार बापू बाजार स्थानक गली छिपा गली बालाजी मंदिर कृषि मंडी चौराहा पीपली चौराहा बजरंग चौराहा विवेकानंद चौराहा सथाना बाजार होते हुए त्रिवेणी माता मंदिर तेजा चौक पर पहुंचकर सम्पन्न हुई ।

सरवाड़ शहर में हुआ विशाल कवि सम्मेलन

सरवाड़, (निसं)। शहर में नव संवत्सर के पावन अवसर पर नव संवत्सर महोत्सव कार्यक्रम के तहत कवि सम्मेलन आयोजित हुआ वहीं यह कार्यक्रम गांधी चौक में धूमधाम के साथ आयोजित किया गया हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर पालिका द्वारा आयोजित हुआ कवि सम्मेलन प्रारंभ होने से पूर्व मांसरस्वती व शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं पदाधिकारीयों का हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भागचन्द चांपा व मंत्री अजय पारीक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल भाजपा नेता हरिमोहन शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दुर्गा लाल माली भाजपा नेता राजेन्द्र हेड़ा रामस्वरूप वैष्णव विजय शंकर मुंन्दडा नवीन सोनी इमरान आसाम कुशल किशोर सोनी हनुमान शर्मा भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची भाजपा नेता शैलेन्द्र जैन नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन का स्वागत किया गया वहीं अधिशासी अधिकारी राघव सिंह मीणा भागचंन्द खींची साहित अन्य पदाधिकारीयों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया इस सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कवियों ने भाग लिया और अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं सम्मेलन की शुरुआत में लखनऊ से आई साक्षी तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की वहीं कवि सम्मेलन में डा विष्णु सक्सेना अलीगढ़ वीर रस की कविताएं सुनाकर श्रोताओं में जोश भरा वहीं मदन मोहन समर भोपाल चिर परिचित अंदाज में राजस्थानी गीत सुनाकर प्रेम और सौंदर्य के भावों को अभिव्यक्त किया गया वहीं कवि सम्मेलन को ऊंचाइयों पर पहुंचाया वहीं राजेन्द्र गौड़ कोटा ने वीर रस की कविताएं सुनाकर श्रोताओं को हंसाने को मजबूर कर दिया इस अवसर पर सुनील व्यास कांकरोली ने उन्होंने ओजस्वी वाणी में देशप्रेम और वीरता के भावों को अभिव्यक्त किया वहीं फिल्मी धुनों पर आधारित पैरोडियां सुनाई वहीं गौरव चौहान इटावा ने अपनी प्रस्तुति में तेजतर्रार अंदाज में वीर रस की कविताएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं में जोश और उत्साह का संचार किया।

आम सूचना

मैं, त्रिलोक कुमार पुत्र मनोज कुमार आयु 34 वर्ष जाति रेगरान मोहल्ला अम्बेडकर स्कूल के पास नया शहर किशनगढ़ जिला अजमेर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने एक आवासीय भूखंड में 4 कमरे खंडर के निर्मित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 77.78 वर्गगज है, जो भूमि वाके रेगरान मोहल्ला अम्बेडकर स्कूल के पास नया शहर किशनगढ़ जिला अजमेर स्थित है। जिसका मेरे पक्षकार द्वारा 17 मार्च 2025 को विक्रेता श्री चांदमल पुत्र श्री बीजाराम आयु 77 वर्ष जाति रेगर निवासी रेगरान मोहल्ला अम्बेडकर स्कूल के पास नया शहर किशनगढ़ जिला अजमेर से जरिये विक्रय इकरारनामा दिनांक 17 मार्च 2025 को खरीद किया। इकरारनामा में वर्णित हद-हदू व सीमा विस्तार उक्त इकरारनामा की क्रेता द्वारा इकरारनामें के आधार पर क्रेता त्रिलोक कुमार ने खरीद किया है, जिसमें उक्त वर्णित सम्पति आवासीय भूखंड बावत किसी भी दीगर व्यक्ति संस्था, फर्म आदि को कोई आपति एतराज हो तो 7 दिवस के पश्चात कोई उर्जर एतराज आपति मान्य नहीं होगा। बावत सूचित रहे, आमसूचना की पालना करे।

- एडवोकेट-शिवराज सिंह राठौड़ न्यायालय परिसर किशनगढ़ (अजमेर)

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामा (अन्तिम इच्छा पत्र) के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बोराज योजना के आवासीय खसरा न.753 भूखण्ड सख्या 72&73-C क्षेत्रफल 105 वर्गगज के आवटी / अन्तरिति श्रीमति चन्द्रकान्त वर्मा पत्नी श्री बाबूलाल वर्मा निवासी मकान न.14/285 ईमली मोहल्ला अजमेर की मृत्यु दिनाक 16.04.2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा (अन्तिम इच्छा पत्र) दिनाक 17.10.2013 (1) श्री सुरेश कुमार वर्मा, आयु लगभग 49 वर्ष एवं (2) श्री जितेन्द्र सोनी, आयु लगभग 31 वर्ष, सुपुत्रगण श्री बाबूलाल जी वर्मा, जाति से स्वर्णकार, निवासीगण मकान नं 589 ए/44, गली नं-2, प्रकाश नगर, फॉयसागर रोड़, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तारण किये जाने के सबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामा (अन्तिम इच्छा पत्र) के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बोराज योजना के आवासीय खसरा न.753 भूखण्ड सख्या 72&73-B क्षेत्रफल 90 वर्गगज के आवटी / अन्तरिति श्रीमति चन्द्रकान्त वर्मा पत्नी श्री बाबूलाल वर्मा निवासी मकान न.14/285 ईमली मोहल्ला अजमेर की मृत्यु दिनाक 16.04.2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा (अन्तिम इच्छा पत्र) दिनाक 17.10.2013 (1) श्री सुरेश कुमार वर्मा, आयु लगभग 49 वर्ष एवं (2) श्री जितेन्द्र सोनी, आयु लगभग 31 वर्ष, सुपुत्रगण श्री बाबूलाल जी वर्मा, जाति से स्वर्णकार, निवासीगण मकान नं - 589 ए/44, गली नं-2, प्रकाश नगर, फॉयसागर रोड़, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तारण किये जाने के सबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/24-25/937 **आम सूचना** दिनांकः 1/4/2025

श्री उदय जैन पुत्र स्व. श्री मुकेश जी जैन एवं श्री नितिन जैन पुत्र स्व. श्री मुकेश जी जैन निवासी बाबू मौहल्ला केसर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या (बी, सी, डी, ई, एफ) जो वैशाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत सागर विहार कॉलोनी अजमेर स्थित है जिसका क्रमशः क्षेत्रफल 55.28, व.मी. 52.77 व.मी. 56.77 व.मी., 56.54 व.मी. 56.04 व.मी. है। भूमि वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।
पूर्व : पूर्व में 40फुट चौडा रोड पश्चिम : ओपन प्लाट
उत्तर : शेष भाग इसी भूखण्ड के दक्षिण : ओपन प्लाट
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में र आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावे सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम अज

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/SDRC/2025/1011 **आम सूचना** दिनांकः 28/3/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1432/2 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 195.00 वर्गगज, भूखण्ड संख्या 26 क्षेत्रफल 198.33 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 393.33 वर्गगज) पर 1. श्रीमती साक्षी जितेन्द्र पाटनी पत्नि श्री आधार जैन 2. श्रीमती खुशबू जामड पत्नि श्री मितेश जामड ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -
पूर्व में : 60 फीट चौडा रास्ता पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 24
उत्तर में : 30 फीट चौडा रास्ता दक्षिण में : खसरा नम्बर 1432/1 की भूमि
अतः उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2025/959 **आम सूचना** दिनांकः 04/2/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 602 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 151 क्षेत्रफल 88.88 वर्गगज) पर श्री कुलदेव पुत्र श्री गोगाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है :
पूर्व में : भूखण्ड संख्या 160 पर निर्मित विला पश्चिम में : 40 फीट चौडा रास्ता
उत्तर में : भूखण्ड संख्या 152 पर निर्मित विला दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 150 पर निर्मित विला
अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी ।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ

गैस के रिसाव की घटना दुर्भाग्यपूर्ण

ब्यावर (निसं) समीपवर्ती गाँव ब्लड में नाईट्रोजन गैस के रिसाव की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है की फैक्ट्री मालिक सुनील पुत्र भंवर लाल,दयालदास और नरेंद्र की दर्दनाक मौत का ज़िम्मेदार कौन है। इतने समय से प्रशासन की नाक के नीचे रिहाईशी क्षेत्र में ऐसे खतरनाक और जानलेवा तेज़ाब की फैक्ट्री संचालित हो रही थी तो प्रशासन की नज़र नहीं पडी या मूक बना रहा। ऐसी घटना होने के बाद ही प्रशासन की नींद क्यों उडती है और आदेश ज़ारी किया जाता है की सभी ऐसे कारोबार जो रिहाईशी क्षेत्र में है और आमजन के लिए खतरनाक है। उन्हें सीज़ कर दिया जाए। गौरतलब है की टेंकर को खाली करते समय लीकेज की समस्या हो गई।

13 अप्रेल से होगा श्रीराम महायज्ञ

मसूदा, (निसं)। श्री राम महायज्ञ के शुभारंभ के दूसरे दिन 14 अप्रेल से रामलीला मंचन का होगा शुभारम्भमधुसूदन गढ़ महाकाल आश्रम राष्ट्रीय प्रवक्ता आरतीजी वैष्णव के मुखार बिन्द से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा श्रवण का प्राप्त होगा लाभ।

अखिल ब्रह्माण्ड नायक ऊँकार स्वरूप योग पुरुषोत्तम निवार्ण वेता श्रीराम भगवान राघवेन्द्र सरकार की असीम कृपा से श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन महन्त श्री हंसपुरी जी महाराज की सद प्रेरणा से मसूदा के निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में ब्रह्म ऋषि यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज के सानिध्य मेंअन्तर्राष्ट्रीय समस्त रावत समाज के सहयोग से विश्व कल्याणार्थ, राष्ट्र समृद्धि, सर्वजन हिताय, सर्व जन सुखाय, नवठाह शांति, सर्व विघ्न बाधा निवार्णार्थ, सर्व मनोकाना पूर्ण हेतु 13 अप्रेल से शुरू होने वाले महाविशाल 51 कुण्डात्मक एकादश दिवसीय श्रीराम महा यज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही है।ज्ञातव्य है कि यज्ञ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी को लेकर पिछले दिनों 22 जनवरी को ब्रह्म ऋषि यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज ने रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत के लाडपुरा स्थित आवास पर पहुँचकर निमंत्रण देने के साथ ही आयोजित होने वाले श्रीराम महा यज्ञ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत को सौपी जाने के दौरान ही रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत द्वारा यज्ञ के अध्यक्ष पद को स्वीकाते हुए।

गणगौर महोत्सव के दूसरे दिन शाही सवारी निकली

राजसी ठाट बाठ के साथ ईसर गणगौर की शाही सवारी निकाली गयी।

■ ईसर गणगौर का जोड़ा सुंदरता के लिये विख्यात है

मदनगंज-किशनगढ़ । नागरी सांस्कृतिक परिषद की ओर से गणगौर महोत्सव के अंतर्गत दूसरे दिन राजसी ठाट बाठ के साथ ईसर गणगौर की शाही सवारी निकाली गयी। अध्यक्ष दीपक दाधीच ने बताया कि पुराने शहर में ईसर गणगौर का शाही जोड़ा अपनी सुंदरता के लिये विख्यात है।

शाही लवाजमें में ठोल, बेंड, मनमोहक झांकिया, हाथी, घोडा, ऊंट व हथियारधारी सैनिक शामिल रहे। संयोजक अनुपम रतावा के अनुसार बताया कि सवारी किला चौक से शुरू होकर रामलीला मैदान सब्जी मण्डी नयाशहर पहुं